हिन्दुस्तान

# बहुत जल्द मिलेगी बल्क ड्रग पार्क की सौगात

**ललितपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति के प्रस्तावित भ्रमण के चलते डीएम ने यूपीसीडा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी व वन विभाग आगि अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर जाकर बल्क ड्रग फार्मा पार्क की प्रगति को परखा। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही अड़चनों को तत्काल प्रभाव से दूर करने के निर्देश दिए और कार्य की गति बढ़ाने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को बताया कि भारत सरकार के बल्क ड्रग पार्क नीति के अन्तर्गत निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर जनपद ललितपुर के ग्राम सैदपुर विकासखण्ड मड़ावरा जनपद ललितपुर में फार्मा पार्क की स्थापना की जा रही है। जो भारत सरकार एस्पायरेशन विकासखण्ड के अन्तर्गत चिन्हित है और इसे लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है। 24 मई को मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति के अन्तर्गत मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्थिक सलाहकार डा. केवी राजू व खाद्य एवं सुरक्षा सलाहकार डा. जीएन सिंह बल्क ड्रग फार्मा पार्क की प्रगति का जायजा लेंगे। इससे पहले भी विशेष सलाहकार अवनीश अवस्थी इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर चुके हैं। मौके पर अधिकारियों ने डीएम को बताया कि उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग फार्मा पार्क में प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क चौड़ीकरण के लिए बिजली के खंभों की शिफ्टिंग, विद्युत उपकेन्द्र व अलग से विद्युत लाइन डालने तथा पेड़ कटान का कार्य कराया जा रहा है।



भ्रमण के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी।